सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-226
03/05/2018

मोतिहारी में बस दुर्घटना में लोगों की हुई मौत पर मुख्यमंत्री मर्माहत, पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की

पटना, 03 मई 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने मोतिहारी जिले के कोटवा थानान्तर्गत एन0एच0–28 पर बागरा के निकट मुजफ्फरपुर से दिल्ली जा रही बस के गड्ढ़े में पलटने के कारण लगी आग से लोगों की हुई मौत पर गहरा दुख एवं संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने इस घटना को काफी दुखद बताया।

घटना की जानकारी मिलने पर मुख्यमंत्री ने ज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में एक मिनट का मौन रखकर दुर्घटना में मारे गये लोगों के प्रति अपनी श्रद्धांजलि एवं संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार के जो भी लोग इस दुर्घटना में मृत होंगे, उनके परिजनों को नियमानुसार आर्थिक मदद उपलब्ध करायी जायेगी।

मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिवारों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री ने इस हादसे में घायल लोगों के समुचित इलाज का भी निर्देश दिया है और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है।

****